पत्र संख्या-स्था-6 सामान्य विविध पत्रावली-94(भाग-3)/I/725289/2026/राज्य कर

कार्यालय आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश
(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ:: दिनांक:: 07-08-2026

समस्त जोनल अपर आयुक्त राज्य कर,
उत्तर प्रदेश(जोन-गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद-प्रथम/द्वितीय,
कानपुर-प्रथम को छोड़कर)।

विषयः- 'विभाजन विभीषिका समृति दिवस-2026' का आयोजन ।

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-597/4256186/11-5-2026 दिनांक 06.08.2026(छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके साथ संलग्न संस्कृति अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या- 184/2026/2106/चार-2026-1955062 दिनांक 31.07.2026 एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के अर्द्धशासकीय पत्र संख्या-Misc/Secy(C)/VA/26 दिनांक 23 जुलाई, 2026 तथा माननीय मुख्यमंत्री जी के स्तर पर दिनांक 24, 25 एवं 31 जुलाई, 2026 को सम्पन्न बैठकों में दिये गये निर्देशों के क्रम में अवगत कराया गया है कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस-2026 का आयोजन 14 अगस्त, 2026 को प्रदेश में विविध कार्यक्रमों के माध्यम से किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य विशेषकर युवा पीढ़ी को विभाजन की त्रासदी के प्रति जागरूक करते हुए प्रभावित लोगों के साहस और बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करना है। अतः उक्त पत्र में की गयी अपेक्षानुसार आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

उक्त के क्रम में शासन के उक्त पत्र दिनांक 06.08.2026 की प्रति संलग्नकों सहित संलग्न कर इस आशय से प्रेषित किया जा रहा है कि पत्र में की गयी अपेक्षानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः-विभागीय वेबसाइड पर अपलोड।

Digitally signed by
SUNIL KUMAR VERMA
Date: 07-08-2026
17:41:31

(सुनील कुमार वर्मा)
अपर आयुक्त(प्रशासन) राज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक उक्त ।

प्रतिलिपि:-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. - वरिष्ठ स्टॉफ अधिकारी-प्रथम, राज्य कर मुख्यालय को आयुक्त, राज्य कर, महोदय के अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. - अपर आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
3. - अपर आयुक्त, राज्य कर, जोन-गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद-प्रथम/द्वितीय एवं कानपुर-प्रथम को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त पत्र दिनांक 06.08.2026 में दिये गये निर्देशानुसार आवश्यक कराने का कष्ट करें।

Scanned with OKEN Scanner

4. - अपर निदेशक, राज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान, गोमती नगर, लखनऊ
5. - संयुक्त आयुक्त(आई0टी0) राज्य कर, मुख्यालय को एक प्रति विभागीय वेबसाइट पर अपलोड हेतु ।
6. - नाजिर, राज्य कर मुख्यालय, लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि पत्र में दिये गये निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही कराते हुए शासन के पत्र दिनांक 06.08.2026 की प्रति नोटिस बोर्ड पर चस्पा करें।

संलग्नकः- <u>विभागीय वेबसाइड पर अपलोड ।</u>

Digitally signed by
AKHILENDRA KUMAR
Date: 07-08-2026
17:54:28

संयुक्त आयुक्त(स्था0अरा0) राज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ ।

Scanned with OKEN Scanner

संख्या-597/4256186/11-5-2026

प्रेषक,

अरविन्द सिंह,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त,
राज्य कर,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

राज्य कर अनुभाग-5

लखनऊ:दिनांक06-08-2026

विषय:- 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस-2026' का आयोजन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य सचिव, संस्कृति अनुभाग, उ०प्र० शासन के पत्र संख्या-184/2026/2106/चार-2026-1955062, दिनांक 31 जुलाई, 2026(छायाप्रति) का कृपया अवलोकन करने का कष्ट करें जो दिनांक 14 अगस्त, 2026 को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' आयोजित किये जाने के निर्णय के अनुपालन के संबंध में निर्देश निर्गत की अपेक्षा की गयी है।

2- इस संबंध में मुझे यह करने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्त पत्र में की गयी अपेक्षानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

Digitally signed by
ARVIND SINGH
Date: 06-08-2026
13:38:40

(अरविन्द सिंह)
उप सचिव

जC/स्था-6/सामान्य

अपर आयुक्त(प्रशासन)
06-08-2026

Scanned with OKEN Scanner

597/11-सं०क०/2026

सं०ग्रा० 184 / 2026/2106 /चार- 2026—1955962

प्रेषक,

एस0 पी0 गोयल
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/ सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
2. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 31 जुलाई, 2026

विषय: 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस-2026' का आयोजन।

महोदया/ महोदय,

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के अर्द्धशासकीय पत्र संख्या Misc/Secy(C)/VA/26 दिनांक 23 जुलाई, 2026 (छायाप्रति संलग्न) तथा मा0 मुख्यमंत्री जी के स्तर पर 24, 25 एवं 31 जुलाई, 2026 को सम्पन्न बैठकों में दिए गए निर्देशों के क्रम में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस-2026 का आयोजन दिनांक 14 अगस्त, 2026 को प्रदेश में विविध कार्यक्रमों के माध्यम से किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य विशेषकर युवा पीढ़ी को विभाजन की त्रासदी के प्रति जागरूक करते हुए प्रभावित लोगों के साहस और बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करना है। इस अवसर पर लखनऊ सहित प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा निम्नवत् है:-

1- दिनांक 14 अगस्त, 2026 को मा0 मुख्यमंत्री जी की गरिमामयी उपस्थिति में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ में तथा अन्य जिलों में मा0 मंत्रिगण की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में भारत सरकार द्वारा विभाजन विभीषिका पर तैयार की गई सामग्री पर आधारित प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी तथा विभाजन के समय विस्थापित हो कर भारत आए परिवारों को विभीषिका से जुड़ी हुई सामग्री को प्रदर्शित करने हेतु आमन्त्रित किया जाएगा।

2- राज्य स्तरीय कार्यक्रम में विभाजन की त्रासदी से पीड़ितों हेतु दो मिनट का मौन रखा जाएगा तथा 'मतुआ सम्प्रदाय' के इतिहास, सांस्कृतिक धरोहर एवं योगदान पर आधारित वृत्त चित्र का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही माननीय अतिविशिष्ट एवं विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों के उद्बोधन होंगे एवं कार्यक्रम से पूर्व विभाजन पीडितों की स्मृति में कैण्डिल मार्च का आयोजन किया जाएगा।

3- इसी प्रकार जनजागरूकता हेतु सभी 75 जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं सार्वजनिक संस्थानों में व्याख्यान एवं चर्चाएं आयोजित कराई जाएंगी। प्रदेश के छात्र-छात्राओं को 'विभाजन विभीषिका स्मृति' पर आधारित माईगव (MyGov) पोर्टल पर आयोजित राष्ट्रीय ऑनलाइन क्विज (QUIZ) प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा; विद्यालयों में भारत-पाकिस्तान विभाजन विभीषिका पर आधारित फिल्मों एवं डॉक्युमेन्ट्री का प्रदर्शन किया जाएगा एवं भारत सरकार द्वारा विभाजन विभीषिका पर तैयार की गई सामग्री आधारित प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाएगा।

4- उक्त कार्यक्रमों में विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों जैसे सिन्धी काउन्सिल ऑफ इण्डिया, उ0 प्र0 सिन्धी सभा, उ0 प्र0 सिन्धी अकादमी, सनातनी पंजाबी महासभा एवं बंगाली समुदाय के महानुभावों आदि का सहयोग भी लिया जाए।

5- इस अवसर पर विभाजन पर आधारित नाटकों का मंचन एवं विभाजन पर आधारित फिल्मों का प्रदर्शन किया जाए। नाटकों की स्क्रिप्ट एवं फिल्म को अमृत काल की वैबसाइट के इस लिंक से प्राप्त किया जा सकता है - https://amritkaal.nic.in/partition-horror-remembrance-day।

6- अभिलेख प्रदर्शनी से सम्बन्धित सामग्री उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार द्वारा ई-मेल के माध्यम से समस्त जिलाधिकारियों को उपलब्ध कराई जाएगी।

उपर्युक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपरोक्त निर्देशानुसार व्यापक जनसहभागिता से 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस-2026' के आयोजन हेतु कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

संलग्नक- यथोक्त।

भवदीय

(एस0 पी0 गोयल)
मुख्य सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. सचिव, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार को उनके अर्द्धशासकीय पत्र दिनांक 23 जुलाई, 2026 के क्रम में सूचनार्थ।
2. अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तर प्रदेश।
3. पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
5. समस्त विभागध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।
6. निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, पर्यटन एवं संस्कृति, उत्तर प्रदेश शासन।
7. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त राष्ट्रीय कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने का कष्ट करें।
8. निदेशक, संस्कृति निदेशालय, उत्तर प्रदेश।
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(अमृत अभिजात)
अपर मुख्य सचिव।

Scanned with OKEN Scanner

विवेक अग्रवाल
सचिव
**Vivek Aggarwal**
Secretary

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
नई दिल्ली–110001
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF CULTURE
NEW DELHI-110 001

July 23, 2026

D.O. No. Misc/Secy(C)/VA/26

Dear Shri Goyal,

As you are aware, Government of India observes Partition Horrors Remembrance Day (PHRD) on 14th August every year to commemorate the suffering, trauma and displacement experienced by millions during the Partition of India in 1947. This solemn observance serves as a reminder of the enormous human cost of the Partition and aims to instil the values of peace, unity, and reconciliation. Ministry of Culture has been commemorating this day through meaningful and participative activities across the country. In the past three years, several programs like national seminars, exhibitions, film screenings, silent marches, and survivor interaction sessions have seen enthusiastic public engagement, reaffirming our collective commitment to remember and honour the legacy of Partition.

2. In continuation of this observance, Government of India has decided to observe Partition Horrors Remembrance Day 2026 through a series of commemorative activities across the country on 14th August 2026. The observance aims to generate greater public awareness, particularly among the younger generation, about the tragic realities of Partition and to pay homage to the resilience and sacrifices of the millions affected by it.

3. In this regard, Ministry of Culture has curated an Exhibition to showcase the sufferings of the partition-affected people. The exhibition may be downloaded in digital format from https://amritkaal.nic.in/partition-horror-remembrance-day and displayed at suitable public places, educational institutions, museums and other prominent locations across the State. Documentary films on the subject will also be made available on the same website portal for screening as part of the observance.

4. In the above context, Government of Uttar Pradesh is requested to organise a State commemorative programme in the presence of a VIP (Hon'ble Governor/ Hon'ble Chief Minister) on 14th August 2026 to observe the Partition Horrors Remembrance Day 2026. The salient features of the programme may include:

- Walkthrough of the specially curated exhibition by VVIP(s).
- Observance of a two-minute silence in memory of all those affected during the Partition.
- Official screening/release of a short documentary film on the history, cultural heritage and contribution of the Matua community.
- Addresses by VVIP/ distinguished dignitaries.
- Candle March in remembrance of the victims of Partition.

5. Similarly, commemorative programmes for public awareness may be held across all districts including activities such as lectures and discussions in schools, colleges, universities and other public institutions. Schools, college and university students from across the State may also be encouraged to participate in the National Online Quiz on Partition Horrors Remembrance Day to be organised on the MyGov portal from 1st August to 15th September 2026.

6. Further, it is also requested to nominate a Nodal Officer from your State to coordinate with Ministry of Culture for effective implementation of the above activities. The details of nodal official from Ministry of Culture are as under:

- Shri Samar Nanda, Joint Secretary (Ph- 9650202665, E-mail: js-culture-candm@gov.in)
- Sri Rajeev Kumar, Director (Ph: 9661884483, E-mail: rajeev.kr37@gov.in)

With regards,

Yours sincerely,

(Vivek Aggarwal)

Shri Shashi Prakash Goyal
Chief Secretary
Government of Uttar Pradesh
Lucknow

24.7.



Scanned with OKEN Scanner